एक नजर

महापौर माधुरी अतुल पटेल ने नवागत पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी से की मुलाकात

बुरहानपुर। आज जिले में नवागत पुलिस अधीक्षक के रूप में भारतीय पुलिस सेवा ;आईपीएस अधिकारी आशुतोष बागरी द्वारा पदभार ग्रहण किया गया। इस अवसर पर नगर निगम महापौर माधुरी अतुल पटेल ने उनसे सौजन्य भेंट कर पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए शुभकामनाएं दीं। महापौर श्रीमती पटेल ने जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा नागरिकों की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस प्रशासन की भूमिका की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि श्री बागरी के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन जनता के प्रति और अधिक संवेदनशील एवं सक्रिय रूप से कार्य करेगा। इस दौरान शहर की सुरक्षाए यातायात व्यवस्था एवं जनसहयोग से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा भी हुई। महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष बागरी को उनके नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की।

दुल्हन बनी बेटी को घोड़ी पर बैठाकर पूरे गांव में घुमाया, निकाला अनोखा बाना...

बुरहानपुर। बुरहानपुर जिले के निंबोला गांव में एक पिता ने अपनी बेटी को दुल्हन बनाकर घोड़े पर बिठाकर पूरे गांव में घुमाया। वहीं दुल्हन सुजाता नंदलाल तायड़े का कहना है कि उसे वक्त हमें रानी जैसी फिलिंग हो रही थी। मेरे पिता मेरा अभिमान है उन्होंने मेरी शादी में कोई कमी नहीं रखी उन्होंने दूल्हे की तरह घोड़ी पर बैठाकर बैंड बाजे की व्यवस्था की। मुझे लाडो की तरह पाला में मुझे बड़ा किया और जितना लाड़ो से विदा किया। दुल्हन सुजाता तायड़े ने बताया कि मेरे माता.पिता से मैं बेहद प्यार करती हूं उन्होंने कोई कमी मेरी शादी में नहीं रखी घोड़ी पर बैठकर प्रोसेशन निकलना भी है अपने आप में एक सुखद अनुभव रहा रानी जैसी फीलिंग मुझे वहां बैठकर आई। दुल्हन को घोड़ी पर बिठाकर बारात निकालने की अनूठी परंपराएं और घटनाएं सामने आई हैं, जो समाज में बराबरी का संदेश दे रही हैं। दुल्हन सुजाता तायड़े ने झांसी की रानी लुक में दुल्हन सज.धजकरए तलवार लेकर घोड़ी पर सवार गांव में घुमाया बाजे गाजे के साथ में दुल्हन के रिश्तेदार संबंधित अंबेडकर नगर के नागरिक भी शामिल हुए।

बेटियों की उड़ान : अनन्या अग्रवाल ने सीबीएससी 12वीं में 96 .4 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया मान

बुरहानपुर। शहर की होनहार छात्रा अनन्या अग्रवाल ने सीबीएससी 12वीं परीक्षा में 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पालक महासंघ जिला इकाई बुरहानपुर द्वारा सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अनन्या की सफलता से परिवारए समाज एवं शिक्षा जगत में हर्ष का वातावरण है। अनन्या अग्रवाल, डॉ. मनोज अग्रवाल एवं श्रीमती ज्योति अग्रवाल की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपनी मेहनतए अनुशासन एवं निरंतर अध्ययन के बल पर यह उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की। उनके पिता डॉ. मनोज अग्रवाल एक प्रसिद्ध चिकित्सक व सामाजिक एवं नशा मुक्ति जागरूकता अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने बेटी की सफलता का श्रेय उसकी लगनए परिवार के सहयोग एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।

इस अवसर पर पालक महासंघ जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी ने कहा कि जिले के विद्यार्थियों की उपलब्धियां पूरे समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य तय करेगी तथा विद्यार्थियों की सफलता पूरे जिले का सम्मान है। उन्होंने ब्ठैम् सहित विभिन्न परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पालक महासंघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में अनन्या अग्रवाल को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा अन्य विद्यार्थियों को भी शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया। अनन्या की इस उपलब्धि पर समाज के विभिन्न वर्गों एवं नागरिकों ने शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर श्रीमती सरिता भगत, धर्मेंद्र सोनी, रजनी गट्टानी, राजीव खेड़कर, नंदकिशोर वानेए अत्ताउल्लाह खान, पूजा नागदा, रियाज अंसारी, राजिक अंसारी,राम अग्रवाल, राजेश भगत आदि उपस्थित थे।

अधिक मास 17 मई से 15 जून तक, मंगला दर्शन की आरती के पश्चात होगी मंदिर की परिक्रमा

बुरहानपुर। श्री गोकुल चंद्रमा जी मंदिर में एकादशी की पावन पर्व पर प्रात: काल परिक्रमा के द्वारा कार्य प्रारंभ किया गया । श्री आदित्य भाई मुखिया जी ने बताया की अधिक मास 17 मइ से 15 जून तक रहेगा पूरे एक माह तक प्रात: काल 8. 00 बजे मंगला दर्शन की आरती के पश्चात मंदिर की परिक्रमा होगी उसके पश्चात शाम 7. 00 बजे से 7.45 तक मनोरथ के दर्शन होंगे और रात्रि में 9.30 बजे से 10.30 बजे तक पुरुषोत्तम सहस्त्रनामावली का पारायण एवं भजन कीर्तन होगें आपने अपने सत्संग में कहा कि जिसकी गलती गलती ना लगे उसको ही तो अपना कहा जाता है। जिस प्रकार स्वांस हमारे शरीर को चलाती है, उसी प्रकार विश्वास हमारे सम्बन्धो को चलाता है। हर मनुष्य के भीतर एक गीत हैए बस उसे सुनने वाला चाहिए। अच्छी सोच और सच्ची भावना ही जीवन की संपत्ति है। बाकी चौरासी लाख जीवों में एक मानव ही धन कमाता है। अन्य कोई जीव कभी भूखा नही मरा और मानव का कभी पेट नही भरा। प्रेरणा लेनी है तो लहरों से लीजिये 'इसलिए नही की वो उठतीं है 'और गिर जाती हैं, बल्कि इसलिए कि वे जब भी गिरती हैं 'नए जोश से फिर उठ जाती है। जहाँ हमारा स्वार्थ समाप्त होता है ण्ण्'वही से हमारी इंसानियत आरम्भ होती है ! लोग कहते है कि आदमी को अमीर होना चाहिए।

सीएम ऑफिस के हस्तक्षेप, विधायक-प्रशासन की कोशिश से टला जलसंकट

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस सहित जन प्रतिनिधियों की सक्रिय पहल, मुख्यमंत्री कार्यालय के त्वरित हस्तक्षेप और जिला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन की तत्परता से बुरहानपुर में गहराता बड़ा जल संकट टल गया है। शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने जनप्रतिनिधि-अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए आगामी कार्ययोजना को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, महापौर माधुरी अतुल पटेल, कलेक्टर हर्षसिंह, जिला पंचायत सीईओ सृजन वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, चिंतामन महाजन एवं नगर निगमायुक्त संदीप श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

चिटनिस ने बताया कि 8 मई को कलेक्टर बुरहानपुर और नगर निगम प्रशासन द्वारा उन्हें अवगत कराया गया था कि बसाड़ स्थित ताप्ती एनीकट में मात्र 10 दिनों के लिए ही पानी शेष है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसी दिन जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए। कलेक्टर बुरहानपुर द्वारा प्रमुख सचिवए जल संसाधन विभाग को अर्द्धशासकीय पत्र भेजकर बैतूल जिले के पारसडोह बांध से पानी

छोड़ने का आग्रह किया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय के माध्यम से तत्काल हस्तक्षेप कराते हुए जल संसाधन विभाग को निर्देश दिलाए गएए जिसके परिणामस्वरूप 8 मई की रात 10 बजे पारसडोह बांध से नियंत्रित रूप से पानी छोड़ा गया। कल रात्रि तक यह पानी घोघरा घाट तक पहुँच चुका है और वर्तमान में ग्राम देड़तलाई से 80.90 किमी दूर है तथा बसाड़ एनीकटए बुरहानपुर तक पहुँचने में लगभग 4 से 5 दिन का समय लगेगा।

बुरहानपुर नगर निगम क्षेत्र की पेयजल प्रदाय व्यवस्था मध्यप्रदेश शहरी विकास कंपनी द्वारा निजी कंपनी जेएमसी.रेमकी के माध्यम से संचालित की जाती है। 8 मई को सुबह परियोजना प्रबंधक द्वारा नगर निगम आयुक्त को जानकारी दी गई थी कि बसाड़ एनीकट में जल संग्रहण तेजी से कम हो रहा है। इसके बाद नगर निगम प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने तत्काल स्थल निरीक्षण कर वैकल्पिक जल व्यवस्था प्रारंभ की।

शहर में जलापूर्ति बनाए रखने के लिए दैयत एनीकट एवं नेपानगर एनीकट के गेट खोलकर पानी छोड़ा गया है। इसके साथ ही उतावली.1 संपवेल को प्रारंभ कर दो टंकियों को भरा जा रहा हैए जबकि शाहदरा स्थित नलकूपों के माध्यम से लालबाग क्षेत्र में जलापूर्ति की जा रही है। कई वार्डों में स्थानीय नलकूप भी प्रारंभ किए गए हैंए जिससे नागरिकों को राहत मिली है।

चिटनिस ने बताया कि बसाड़ एनीकट के ऊपरी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और रेलवे द्वारा पुल निर्माण कार्यों के लिए बनाए गए अस्थायी बांधों के कारण एनीकट में अपेक्षित जल संग्रहण नहीं हो पायाए जिससे यह स्थिति निर्मित हुई। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को अस्थायी बांध हटाने के निर्देश दिए गए हैं और इस दिशा में युद्धस्तर पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।रेलवे के अस्थायी बांध को हटाने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि समय रहते संकट का आकलन करए अंतरविभागीय समन्वय

पेयजल संकट पर कांग्रेस का नगर निगम घेराव

बुरहानपुर शहर में गहराते पेयजल संकट को लेकर कांग्रेस शहर अध्यक्ष रिंकू टांक के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर नगर निगम कार्यालय का घेराव किया और मटका फोड़कर विरोध प्रदर्शन किया।शहर के कई वार्डों में कई.कई दिनों से पानी नहीं पहुंचने से आमजन परेशान हैं। गर्मी बढ़ने के साथ हालात और गंभीर हो गए हैं। रिंकू टांक ने कहा कि करोड़ों रुपए की लागत से शुरू की गई श्रडब् जल वितरण योजना पूरी तरह विफ्ल साबित हो रही है। वर्ष 2050 तक पानी की कमी नहीं होने के दावे किए गए थेए लेकिन आज नागरिक बूंद.बूंद पानी के लिए परेशान हैं। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को दूर.दूर से पानी लाना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ क्षेत्रों में पर्याप्त से अधिक पानी सप्लाई हो रहा है, जबकि कई वार्डों में कई दिनों तक पानी नहीं पहुंच रहा। यह स्थिति जल वितरण में भेदभाव और प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाती है। पेयजल संकट और जल वितरण में अनियमितता के विरोध में कांग्रेस ने नगर निगम का घेराव कर जोरदार मटका फोड़ प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने प्रशासन के खिलाफनारेबाजी कर जनता की समस्या का तत्काल समाधान करने की मांग उठाई।कांग्रेस ने मांग की कि सभी वार्डों में समान और नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएए जिन क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंच रहा वहां तत्काल टैंकर भेजे जाएं और जल वितरण व्यवस्था में सुधार किया जाए।कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष रिंकू टॉक हामिद काजी सलीम कॉटन वाला, सुरेंद्र सिंह, अजय रघुवंशी वाजिद इकबाल, इंद्सेन देशमुख, अनीता अमर यादव, अकील औलिया फहीम हाशमी, राकेश खत्री विनोद मोरे, योजना देवड़ा, हर्ष राज देवड़ा, आशीष भगत, कैलाश यावतकर आदि उपस्थित थे।

स्थापित करते हुए शासन स्तरए जिला प्रशासन और नगर निगम पर किए गए समन्वित प्रयासों से शहर को गंभीर जल संकट से बचाया जा सका है। चिटनिस ने पानी बचाने की अपील करते हुए कहा कि यह संकट एक बड़ी चेतावनी है। पानी का दुरुपयोग रोकना और जल संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

स्टेडिंग कमेटी की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्ष सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को नगर पालिकाओं की फेटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण.2026 अंतर्गत स्टेडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को नगरीय निकायों की प्रारंभिक प्रकाशित मतदाता सूची के एक.एक सेट प्रदाय किए गए।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन एवं विलोपन का मिलेगा अवसर मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के लिए फेटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है।

जारी कार्यक्रम के अनुसार 15 मई से 25 मई 2026 तक निर्धारित केंद्रों पर मतदाता सूची संबंधी दावा एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। जिले के नगरीय निकायों से संबंधित नागरिक निर्धारित अवधि में मतदाता सूची में नाम जोड़नेए संशोधन अथवा विलोपन संबंधी दावा.आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं।

ट्रैफिक पॉइंटों का एसपी ने किया निरीक्षण, मुस्तैद हवलदार सोलंकी की प्रशंसा

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों एवं संवेदनशील पॉइंटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पॉइंट ड्यूटी और पुलिस बल की सतर्कता का जायजा लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मुस्तैदी एवं जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मचारी प्रधान आरक्षक दुष्यंत सोलंकी को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशंसा स्वरूप पुरस्कृत भी किया

गया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार सतर्क एवं अनुशासित रहकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

निरीक्षण के दौरान दिए गए प्रमुख निर्देश:- संवेदनशील एवं भीड़भाड़वाले क्षेत्रों में लगातार पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रमुख चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश। पॉइंट ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को सतर्कता एवं विनम्र व्यवहार बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया। बाजार क्षेत्र, धार्मिक स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश। सीसीटीवी कैमरों की नियमित मॉनिटरिंग एवं तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग पर जोर। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पहले समझाइ, देने बाद चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। ड्यूटी के दौरान अनुशासनए वर्दी की सुसज्जता एवं समय पालन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

कर्मचारियों का किया उत्साहवर्धन पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस की सजगता एवं जनता के सहयोग से ही जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनी रहती है। उन्होंने ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए अन्य पुलिस कर्मियों को भी प्रेरित किया।

अंधेरे से राहत, जमना नगर रोड पर जगमगाईं नई स्ट्रीट लाइटें

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। उपनगर लालबाग के वार्ड 43 से लगे जमना नगर रोड पर लंबे समय से अंधेरा रहने के कारण क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। शाम ढलते ही सड़क पर आवागमन मुश्किल हो जाता था और रहवासियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती थी। क्षेत्र की इस गंभीर समस्या को पार्षद आशीष शुक्ला ने विधायक एवं पूर्व मंत्री अर्चना चिटनीस के संज्ञान में लाया।

मामले को गंभीरता से लेते हुए

विधायक अर्चना चिटनीस ने तत्काल कार्रवाई कराते हुए जमना नगर रोड पर छह विद्युत पोल और स्ट्रीट लाइट लगवाने की व्यवस्था कराई। स्ट्रीट लाइट शुरू होने के बाद अब क्षेत्र में रात के समय उजाला होने लगा हैए जिससे रहवासियों को बड़ी राहत मिली है। लोगों ने बताया कि पहले अंधेरे के कारण दुर्घटना और असामाजिक गतिविधियों का डर बना रहता थाए लेकिन अब सड़क सुरक्षित और सुगम महसूस हो रही है। इस कार्य में क्षेत्र के दिनकर पाटिल, रमेश सावले, कैलाश चंदोलकर सहित अन्य द्वारा लगातार संबंधित विभागों और जनप्रतिनिधियों से संपर्क बनाए रखकर समस्या के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाई गई। रहवासियों ने विधायक अर्चना चिटनीस, पार्षद आशीष शुक्ला और सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य आमजन की सुविधा और सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा।

हर शनिवार सुन्दरकाण्ड और हनुमान चालीसा

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। शिव धाम बहादुरपुर में हनुमान जी के जन्मोत्सव के दिन हनुमान जी की मूर्ति स्थापना की गई उसे समय सुंदरकांड के 108 पाठ किए गए थे एवं हवन किया गया था उसी समय से शिवधाम गुरुजी पं योगेश चतुर्वेदी ने प्रत्यक्ष शनिवार हनुमान जी के दरबार में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का हवनात्मक पाठ का संकल्प किया था तब से प्रत्येक शनिवार यह यज्ञ प्रारंभ है

पंडित योगेश चतुर्वेदी ने बताया कि इस बार शनि अमावस्या होने से इसका महत्व और बढ़ जाएगा जिन भक्तों को शनि की साडेसाती महादशा हो वे इस हवन में सम्मिलित हो जिससे उनके जीवन के समस्त दुख परेशानियां दूर होगी एवं हनुमान जी महाराज प्रसन्न होंगे गुरुजी ने बताया कि कल शाम में 6रू30 बजे से धनात्मक सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ यज्ञ प्रारंभ होगा पश्चात आरती कर भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा एवं वस्त्र वितरण किया जाएगा गुरु जी ने बताया यह आयोजन पंडितों के चतुर्वेदी गुरुजी एवं शिव धाम भक्त मंडल के समस्त भक्तों के द्वारा मिलकर किया जाता है

एक नजर

श्रीकृष्ण जन्म पर नंद धर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की के जयघोष से गूंजा पांडाल

भारत की पवित्र भूमि पर संत नहीं होते तो इस राष्ट्र का स्वरूप बदल जाता : गोपालकृष्ण महाराज

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। श्री गणेश स्कूल प्रागंण में सप्त दिनी संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन जारी है। इस आयोजन में भारी संख्या में शहर ही नही ग्रामीण क्षेत्र से भी धर्मपरायण श्रद्वालु कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं।

संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह अंतर्गत मालवा माटी के विख्यात कथा वाचक प्रवक्ता परम पूज्य गोपालकृष्ण महाराज, उज्जैन ने भागवत कथा के पांचवें दिवस भगवान श्रीकृष्ण के जन्म को लेकर आई विपदाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। संतश्री ने कहा कि जब कंस ने अपने डर और अहंकार में देवकी और वासुदेव को कारागार में डाल दिया? इसके बाद, उसने देवकी के एक.एक करके सभी 7 नवजात शिशुओं को जन्म लेते ही क्रुरतापूर्वक मार डाला। देवकी के गर्भ से आठवें बच्चे के रूप में स्वयं भगवान विष्णु ने जन्म लेने का निश्चय किया, तो संपूर्ण कारागार में दिव्य प्रकाश फैल गया? जन्म लेते ही पहरेदार गहरी नींद में सो गए, जेल के सभी भारी ताले अपने आप खुल गए और जंजीरें टूट गईं।

कंस से बालक की रक्षा करने के लिए, वासुदेव आधी रात में भारी बारिश और उफनती यमुना नदी को पार करके अपने नवजात पुत्र को गोकुल में अपने मित्र नंदबाबा और यशोदा के घर छोड़ आए? संयोग से, यशोदा ने भी उसी रात एक कन्या को जन्म दिया था, जिसे वासुदेव जी मथुरा वापस ले आए। जब कंस को उस कन्या के जन्म की सूचना मिली, तो वह उसे मारने के लिए आया। लेकिन वह कन्या कोई साधारण बच्ची नहीं थी, बल्कि स्वयं देवी योगमाया थीं, वह कंस के हाथों से छूटकर आकाश में प्रकट हुईं और उसे चेतावनी दी कि उसका वध करने वाला पहले ही जन्म ले चुका है और सुरक्षित स्थान गोकुल पर पहुँच गया है? इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण का पालन-पोषण नंदबाबा और यशोदा माता द्वारा गोकुल और वृंदावन में हुआ? उन्होंने अपनी बाल लीलाओं से सबको आनंदित किया,माखन चुराया और बड़े होकर दुष्ट कंस का वध करके मथुरा की प्रजा को अत्याचार से मुक्त किया? इस वृतांत पर सम्पुर्ण पांन्डाल नंदधर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की के जयधोष से गूंज उठा। जमकर श्रद्वालुओं ने नृत्य किया।

परम पूज्य गोपालकृष्ण महाराज ने कथा दौरान उपस्थित श्रद्वालुओं को बताया कि समाज में व्याप्त आधुनिकता के नाम पर हमारे समाज में जो जहर फैलाया जा रहा है उसके प्रति सजग होना जरूरी है। आपने समाज को पुन: विकास के पथ पर अग्रसर होने हेतु प्रेरित किया। जिससे पारिवारिक ,सामाजिक व राष्ट्रीय समस्याओं का समाधान प्राप्त हों सके। आपने कहा कि भारत वर्ष में संत ,महात्मा नही होते तब अलग हुवे भुभाग में जो बदलाव हुवा वही भारत में भी देखने को मिलता।

लडडु गोपालजी का पुजन,कल होगा पितृ तर्पण:- पं 0 अर्पितजी जोशी उज्जैन द्वारा श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ पांन्डाल में आपेन -अपने धरो से लाए गए भगवान श्री लडडु गोपालजी का विधी विधान पूर्वक पुजन ,अभिषेक कराया गया। वही शनिवार को पितृ तर्पण सुबह 10 बजे कराने की जानकारी श्रोताओं को दी गई। श्रीमद् भगवत कथा के मुख्य यजमान श्री धनराज पाटील द्वारा सपत्निक पुजन किया जा रहा है। वही शुक्रवार को एकल यजमान के रूप में श्री गोपाल जी मुजाल्दा, लक्ष्मण जी भल्लावी,शांताराम जी निम्भोरे एवं सुनिल जी लांडगे द्वारा सपत्निक पुजन किया गया।

गुरुजी के साथ टीम में पधारे:-पं0 अर्पितजी जोशी उज्जैन श्रीमद भागवत कथा का मूल पाठ पढ़ रहे है। भजन गायक एवं वाद्य यंत्र.चालक बजाना अखिलेश पवार, राजेश परमार आक्रोपेड बजाना , पंकजजी.ढोलक , केमरा . हर्षजी वर्मा, सोनूजी एवं संहयोग बटुक पं. नैतिक जी प्रतिदिन अपना योगदान देकर कथा को सफल बनाने में पुर्ण सहयोग कर रहे है।

संतों का आगमन पुण्य का प्रताप: - श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ में बुरहानपुर जिले के संतवृन्द का आगमन हुवा। जिनमें महेत श्री नर्मदानंद गीरी महाराज, पं.आत्मचेतन्य जी महाराज, गिरीश गीरी जी, रामदा जी महाराज, चिन्तनगीरी जी, पंण्डित योगेश चतुर्वेदी,गोविन्दसिह जी महाराज, मधुकर वासुदेव , सुरेशचन्द्र तिवारी,राकेश चतुर्वेदी, गजानन महाराज सहित समस्त पधारे संत/ महात्माओं का रामनाम का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता का सम्मान:- इस अवसर पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता, पूर्वमंत्री, विधायक बुरहानपुर अर्चना चिटनिस, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, सुमित्रा कास्डेकर, प्रदीप पाटील, बलराज नावानी, चिंतामन महाजन, संभाजी सगरे, रूद्रेश्वर एन्डोले, समर्थ चिटनिस, सावित्री बत्रा, कविता मोरे, रत्ना बारी, निमा पिलीया ,संन्ध्या कदवाने, अंजली गढे, सहित भारी संख्या में भाजपा जनप्रतिनिधी, पदाधिकारी उपस्थित हुवे जिनका भी रामनाम का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।

भागवत कथा समिति के अध्यक्ष जगदीश वाढ़े ने बताया श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल राष्ट्रधर्म भक्ति धारा पर भी किया जा रहा है। जिससे दूर.दराज के श्रद्धालु भी कथा का लाभ ले रहे है। आयोजन संचालन श्री गणेश भागवत कथा समिति एवं समस्त कार्यकर्ता बंधु, जिला बुरहानपुर द्वारा किया जा रहा है। समिति सचिव गोपाल जी मुजाल्दा ने अनुरोध किया कि सभी धर्मपराश्यण जनता सपरिवार उपस्थित होकर इसका लाभ प्राप्त करे। यह भागवत कथा परंपराओं से थोड़ी अलग है। इस महान विभूति के कथा का रसपान करने का अवसर किस्मत से ही प्राप्त होता है।

प्रभाकर महाजन, देवीदास विश्वकर्मा, नरेंद्र जाधव, दिलीप इंगले, राजेन्द्र पाटील, दिलिप चावरे, लक्ष्मण भलावी, प्रशांत पाटिल, संजय राउत, अमर पाटिल, अधिवक्ता घनश्याम शाह, राजेंद्र पाटिल, मुकेश चैहान, अजित परदेशी,योगेश सोनवने,मनोज जी कानूगो ,शांताराम निम्भोरे, जगदीश शाह,सुभाष जाधव, मुकेश जी पुर्वे , रवि जी,अंकित वैद्य, दीपेश जाधव, दिनकर जी, मनोज दत्त, प्रशांत पाटील, सतीष विस्पुते,सतीश गुजराती, सुनिल शाह, ईश्वर चौहान,मुकेश सहगल, लक्षण म्हाले, उषा अवतारी आदि का व्यवस्था में योगदान रहा।